Reg. No. [ ]

BCMHDL 254

Credit Based Fourth Semester B.Com. Degree Examination, September 2022
(2019 – 20 and Earlier Batches)
HINDI LANGUAGE
Group I Paper – IV

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

1) 'रक्षाबंधन' नाटक के नाटककार कौन है ?
2) विजय किसका बेटा है ?
3) भीलराज को नीच कहकर अपमान करने के लिए पुत्र विक्रम को कौन डाँटती है?
4) कर्मवती हुमायूँ को क्या भेजती है ?
5) धनदास कौन है ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(3×5=15)**

1) किस कौम की औरतें मौत को इस तरह हँसते-हँसते गले लगा सकती है ! ।
2) भाईयों । मनुष्य वही है, जो सुन्दर मृत्यु पाता है ।
3) मुहब्बत और यकीन से ही दुनिया चल रही है ।
4) धन्य हो देवि, धन्य हो । तुमने सबसे बड़ी कठिनाई हल कर दी ।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×10=20)**

1) 'रक्षाबंधन' नाटक का सार अपने शब्दों में लिखिए ।
2) 'हुमायूँ' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
3) विक्रम और चाँदखाँ के संवाद का वर्णन कीजिए ।
4) 'रक्षाबंधन' नाटक के आधार पर लेखक के आशय को स्पष्ट कीजिए ।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए । **(2×5=10)**

1) कर्मवती

2) श्यामा

3) जवाहरबाई

4) धनदास

V. अ) सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अनुष्ठान के उद्धेश्य से भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा एक परिपत्र तैयार कीजिए । **(1×5=5)**

अथवा

लोक भारती प्रकाशन, नई दिल्ली से आपने जो किताबें मंगवाई थी, वह आदेश के अनुसार नहीं है । इसकी शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए ।

आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

''राजा राममोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे । उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबंध किया । गाँव की पाठशाला में उन्होंने बंगला सीखी । उन दिनों कचहारियों में फारसी का बोलबाला था । अत: उन्होंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी । नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के पटना भेजे गए । वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे । उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया । बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए । चार वर्ष तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया । इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया ।

प्रश्न :

1) राजा राममोहन राय की पढ़ाई का प्रबंद किसने किया ?

2) राजा राममोहन राय ने बँगला कहाँ सीखी ?

3) उन्होंने अरबी की उच्च शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?

4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए ?

5) उन्होंने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?

VI. अ) विवाह विज्ञापन के आलोक में सपना के नाम से एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । **(1×5=5)**

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए । **(5×1=5)**

जो मूल से **एक तिहाई (1/3)** से अधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए ।

आर्थिक क्रांति ने आज दुनिया को युद्ध का मैदान बना दिया है । हर जगह अशांति और आंदोलन नज़र आ रहा है । विभिन्न देशों की परिस्थितियों के परिशीलन के बल से यही मालूम होता है कि दूसरे महायुद्ध कालों का अंत हो गया है, लेकिन युद्ध के कारण तो ज्यों-के-त्यों बने हुए हैं । बात यह है कि हर जगह युद्ध तो नहीं हो रहा है किंतु सैनिक शक्ति दिन-दुगुनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है ।

विभिन्न जातियों के बीच और राष्ट्रों के बीच ईर्ष्या और द्वेष की आग धधकती जा रही है और उस आग की चिंगारियाँ दुनिया के कोने-कोने में फैलती जा रही है । संयुक्त राष्ट्र की स्थापना विश्व में शांति की स्थापना के उद्धेश्य से हुई थी । किन्तु आज जब हम इसकी तरफ़ नज़र दौडाते हैं तो यही दिखाई देता है कि उसमें भी दलबंदियाँ है जो अपने-अपने स्वार्थों के लिए आपस में संघर्ष कर रही हैं । तब यह प्रश्न सहज ही पैदा हो जाता है कि इन ईर्ष्या और द्वेषों से तथा भयानक युद्धों से मानवता की रक्षा हो सकती है ? क्या निकट भविष्य में फिर प्रचण्ड प्रलयंकारी युद्ध का भयंकर विस्फोट न होगा ? क्या इस अणु बम के युग में युद्ध और हिंसा के द्वारा शांति की स्थापना सफल होगी ?

VII. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

1) अपने युवक मंडल के वार्षिकोत्सव के संदर्भ का एक ब्यानर तैयार कीजिए ।

2) बाज़ार में 'आराम' नाम से स्पोट्‌र्स शूज व चप्पलें आयी है । इससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

3) ''रक्तदान-महादान है'' - इस विषयाधारित एक भित्ति-पत्र तैयार कीजिए ।